हैवी इलेक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड, भोपाल की कमियां

6408. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या भारी उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) हैवी इलेक्ट्रिकल्स (इण्डिया) लिमिटेड भोपाल की कमियों को दूर करने के लिये किये गये उपाय कहां तक सहायक सिद्ध हुए हैं और इस सम्बन्ध मे और क्या कार्यवाही करने का विचार हैं ;

(ख) क्या उक्त कम्पनी मे मध्य प्रदेश के कर्मचारी अन्य राज्यो से आये कर्मचारियो की तुलना मे बहुत ही कम हैं ; और

(ग) यदि हा, तो इसके क्या कारण हैं ?

भारी उद्योग मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बलबीर सिंह) :(क) भोपाल के कार्यो को सुधारने के लिए किए गए उपायो के परिणामस्वरूप वर्ष 1972–73 मे 57 करोड रु० के उत्पादन की तुलना मे 1973–74 मे 76 करोड़ रु० का उत्पादन हुआ। आगे प्रस्तावित कार्यवाही मे उत्पादिता मे सुधार करना, उत्पादो को युक्तिपूर्ण बनाना, प्रणालियो का पुनर्गठन, प्रबन्ध मे सुधार और अच्छे श्रमिक संबध सम्मिलित हैं।

(ख) जी, नही। इस सगठन के लगभग 60 प्रतिशत कर्मचारी मध्य प्रदेश के हैं।

(ग) प्रश्न ही नही उठता।

मध्य प्रदेश में सैनिक भर्ती कार्यालय और प्रशिक्षण केन्द्र

6409. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या रक्षा मंत्री मध्य प्रदेश मे सैनिक भर्ती कार्यालय और प्रशिक्षण केन्द्र के बारे में 21 मार्च, 1974 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4037 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य के लोगो को अधिक अवसर उपलब्ध करने के लिए केन्द्रों की संख्या में वृद्धि करने सम्बन्धी मांग बहुत समय से विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हा, तो इस बारे मे सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम): (क) जी नही श्रीमन्।

(ख) प्रश्न नही उठता।

मध्य प्रदेश के सेना से सेवा मुक्त अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी

6410. **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गत दो वर्षों मे सेना से मध्य प्रदेश के कितने अधिकारियो एवं अन्य को सेवामुक्त किया गया है ,

(ख) इस वर्ष कितने लोगों को सेवामुक्त किए जाने की सम्भावना है , और

(ग) क्या सेना से उन्हें मुक्त किये जाने के बाद उनके पुनर्वास के किन्ही उपायों पर विचार किया जा रहा है ?

रक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्री ज० बी० पटनायक) : (क) और (ख). यह सूचना तत्काल उपलब्ध नही हैं। यह एकत्र की जाएगी और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।